# तू मेरे साथ है डर की क्या बात है भजन लिरिक्स

तू मेरे साथ है,
डर की क्या बात है,
देगा सहारा मुझको,
पूरा विश्वास है,
तू मेरे साथ हैं।bd।

तर्ज – मेरी जो लाज है।

---

विश्वास है बिलकुल पक्का,
तू साथ नहीं छोड़ेगा,
नैया है बीच भवर में,
पतवार नहीं छोड़ेगा,
दिल ये उदास है,
तुझसे ही आस है,
देगा सहारा मुझको,
पूरा विश्वास है,
तू मेरे साथ हैं।bd।

---

जब जब भी मन घबराया,
तू धीर बंधाने आया,
ऊँची ऊँची लहरों से,
तू ही तो बचाने आया,
करुणा निधान है,
बेटा नादान है,
देगा सहारा मुझको,
पूरा विश्वास है,
तू मेरे साथ हैं।bd।

---

अब दोनों हाथ उठाकर,
तुझको है श्याम पुकारा,
विश्वास है मुझको पक्का,
अब मिलेगा मुझे सहारा,
तेरे इस दास 'उदित' की,
तुझसे अरदास है,
देगा सहारा मुझको,
पूरा विश्वास है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तू मेरे साथ है,
डर की क्या बात है,
देगा सहारा मुझको,
पूरा विश्वास है,
तू मेरे साथ हैं।bd।

**Singer – Shivam Sharma**